बरेली पुलिस

प्रेस नोट दिनांक 31.03.2026

साइबर सेल जनपद बरेली।

जनपद बरेली पुलिस की साइबर सेल टीम द्वारा सराहनीय कार्य, माह फरवरी में खोए मोबाइल फोन बरामद कर प्राप्त किया प्रदेश में प्रथम स्थान।

जनपद बरेली पुलिस की साइबर सेल द्वारा माह फरवरी में उत्कृष्ट कार्य करते हुए आमजन को बड़ी राहत प्रदान की गई है। सीईआईआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए साइबर सेल टीम द्वारा जनपद के समस्त थानों से समन्वय स्थापित करते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की गई।

माह फरवरी के दौरान जनपद में खोए कुल 209 मोबाइल फोन के संबंध में प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए साइबर सेल, बरेली द्वारा 144 मोबाइल फोन सफलतापूर्वक बरामद किए गए। उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, लखनऊ द्वारा माह फरवरी 2026 में अधिकतम मोबाइल रिकवरी की जारी की गयी रैंकिग में फरवरी माह में खोये 209 मोबाइल फोन में से फरवरी माह में ही 144 मोबाइल फोन बरामद कर जनपद बरेली ने **प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान/रैंक** प्राप्त किया है।

बरामद किए गए सभी मोबाइल फोन संबंधित पीड़ितों को विधिवत सुपुर्द किए जा चुके हैं, जिससे आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है।

पुलिस टीम-

निरीक्षक श्री देवेन्द्र सिंह धामा साइबर सेल बरेली।

उ0नि0 श्री करन सिंह चौहान साइबर सेल बरेली।

मु0आ0 226 सत्यवीर साइबर सेल बरेली।

मु0आ0 126 सत्येन्द्र कुमार साइबर सेल बरेली।

आ0 2779 शिवम कुमार साइबर सेल बरेली।

आ0 1682 मनोज कुमाऱ साइबर सेल बरेली।

आ0 462 श्याम सुन्दर साइबर सेल बरेली।

आ0 2179 गुड्डू कुमार साइबर सेल बरेली।

आ0 3892 दीपक कुमार साइबर सेल बरेली।

म0आ0 1471 प्रसून पटेल साइबर सेल बरेली।

बरेली पुलिस आमजन से अपील करती है कि मोबाइल फोन खोने/चोरी होने की स्थिति में तत्काल सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते प्रभावी कार्यवाही कर बरामदगी सुनिश्चित की जा सके।